Regarding action taken in the incident of boiler blast at NTPC Plant in Unchahar, Raibareli, Uttar Pradesh-laid

श्री आदित्य यादव **(बदायूं) :** 1 नवंबर 2017 को ऊंचाहार, रायबरेली में एनटीपीसी ब्वॉयलर विस्फोट में की गई जांच में कुल कितने लोगों को दोषी पाया गया ।

दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई कृपया जांच रिपोर्ट तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई भी उपलब्ध करने का कष्ट करें ।

क्या सरकार की जानकारी में है कि इस घटना में मुख्य रूप से दोषी पाए गए एक व्यक्ति को सेवा समाप्ति कर एनटीपीसी के ज्वाइंट वेंचर कंपनी EESL में 2 माह के बाद उन्हें नौकरी पर रख दिया जहां से वह सकुशल अवकाश प्राप्त हो गए ।

क्या सरकार इसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?